भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1240
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 (शक)

मथुरापुर में खेल अवसंरचना का विकास

1240. श्री बापी हलदर :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य के लिए विभिन्न केंद्रीय खेल अवसंरचना योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को मथुरापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्टेडियमों, इंडोर हॉलों और प्रशिक्षण सुविधाओं सहित खेल अवसंरचना के विकास या उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पश्चिम बंगाल में खेल अवसंरचना के उन्नयन के लिए आवंटन में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा मथुरापुर और पश्चिम बंगाल के अन्य तटीय और ग्रामीण क्षेत्रों में ज़मीनी स्तर की खेल अवसंरचना को मजबूत करने और खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, स्टेडियमों, इनडोर हॉल और प्रशिक्षण सुविधाओं सहित खेल अवसंरचना के विकास या उन्नयन सहित खेलों के विकास और खेल प्रतिभा की पहचान की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके इन प्रयासों में सहायता करती है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय पश्चिम बंगाल राज्य सहित देश में खेलों के संवर्धन के लिए निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित करता है:

(i) खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता;

(iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के पदक विजेताओं और उनके कोच को नकद पुरस्कार
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) खेलों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि;
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन; और
(ix) राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ), जिसके तहत खेलों से संबंधित बुनियादी ढ़ाचे के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, मांग-संचालित स्कीमें हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और स्कीम के तहत धन की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता के लिए विचार किया जाता है। इस मंत्रालय को मथुरापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्टेडियम, इनडोर हॉल और प्रशिक्षण सुविधाओं सहित खेल अवसंरचना के विकास या उन्नयन से संबंधित कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। पश्चिम बंगाल राज्य सहित पूरे देश में खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं का विवरण और उनके लिए स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी भौतिक तथा वित्तीय प्रगति, क्रमशः https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html, पर मंत्रालय के डैशबोर्ड पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****